कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-07.09.2024

विषय:- जानलेवा हमला करने के प्रकरण मे वांछित अभियुक्त सुनील यादव उर्फ लोहा यादव थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे, श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0- 361/2024 धारा 323/504/506/324/427/308/307 भा.द.वि. थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी से सम्बन्धित नामजद वांछित अभियुक्त सुनील यादव उर्फ लोहा यादव पुत्र प्रमोद यादव निवासी ग्राम चाँदपुर थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी को दिनांक-06.09.2024 को समय करीब 12.05 बजे दबिश देकर अभियुक्त के घर ग्राम चांदपुर थाना चौबेपुर वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना चौबेपुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 17.06.2024 को श्री महेन्द्र मिश्रा पुत्र स्व0 राजनाथ मिश्र निवासी ग्राम चांदपुर थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी द्वारा लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया कि दिनांक 16/06/024 को समय करीब 09.30 बजे रात्रि में प्रार्थी का पुत्र शिवम मिश्रा उम्र 20 वर्ष अपनी मोटरसाइकिल वाहन सं0 UP 65 BX 9004 से गौरा बाजार से दवा लेकर अपने घर वापस आ रहा था। रास्ते में चाँदपुर में अवस्थित माँ शीतला माता मंदिर के पास पुरानी रंजिश को लेकर प्रार्थी के पुत्र को सुनील यादव उर्फ लोहा यादव पुत्र प्रमोद यादव, शुभम यादव पुत्र मटरू यादव, लाखू यादव पुत्र रामनरेश यादव व मटरू यादव पुत्र स्व0 बूढ़े यादव निवासीगण ग्राम चांदपुर थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी माँ-बहन की भद्दी-भद्दी गालियाँ देते हुए लाठी-डण्डे व धारदार हथियार से बुरी तरह मारे पीटे। प्रार्थी का पुत्र इस घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। विपक्षीगण मोटरसाइकिल को भी पीट-पीट कर क्षतिग्रस्त कर दिये। जाते समय विपक्षीगण जान से मारने धमकी भी दिये। गंभीर घायलावस्था में प्रार्थी के पुत्र को बी.एच.यू. ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है, जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत हुआ।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

सुनील यादव उर्फ लोहा यादव पुत्र प्रमोद यादव निवासी ग्राम चाँदपुर थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी उम्र करीब 19 वर्ष।

गिरफ्तारी दिनांक, समय व स्थान- दिनांक-06.09.2024 समय करीब 12.05 बजे ग्राम चांदपुर थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी से।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 361/2024 धारा 323/504/506/324/427/308/307 भा.द.वि. थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्र0नि0 जगदीश कुशवाहा थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 मनीष कुमार चौधरी थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. का0 श्रीकान्त कुमार थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी